दिनांक 29.09.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम की टीम ने स्मृति नगर की दुबे डेयरी को किया सील, चेतावनी के बाद भी देर रात तक बेच रहे थे खाद्य सामग्री

भिलाई नगर/ शहर में लाकडाउन के दौरान दुकान खोलकर खरीदी बिक्री करने वाले व्यापारियों के खिलाफ नगर पालिक निगम की टीम ने कड़ी कार्रवाई करते हुए स्मृति नगर स्थित दुबे डेयरी को सील बंद कर दिया गया। दुबे डेयरी के संचालक को दो दिन पहले ही जोन- 1 आयुक्त श्री सुनील अग्रहरि ने देर रात तक दुकान खोलकर खाद्य सामग्री बेचने हुए पकड़े जाने पर 15000 सुपर जुर्माना लिया था और समझाइश दी थी। इसके बावजूद डेयरी संचालक देर रात तक सामग्री बेच रहे थे। जिसकी शिकायत मिलने पर निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार जोन- 1 आयुक्त सुनील अग्रहरि की टीम ने दुकान में ताला लगाकर सील बंद किया। इसके अलावा जोन-1 की टीम ने नियमों का उल्लंघन करने पर वार्ड- 4, 5 और 7 के दुकानदारों से 2600 रुपए जुर्माना लगाया। जोन- 3 मदर टेरेसा में एक दुकानदार के खिलाफ 500, जोन-4 वीर शिवाजी नगर में 6 लोगों से 800 और जोन-5 सेक्टर-6 के एक दुकानदार के खिलाफ 1000 रुपए जुर्माना लगाया।